卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 349 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦27 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दून में एनएआईए की छापेमारी




देहरादून(उद संवाददाता)। खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ भारत सरकार के तेवर तल्ख हैं। एकता और अखंडता के विरुद्ध आवाज उठाने वाले लोगों पर नकेल कसने के लिए सरकारी जांच एजेंसी एनआईए लगातार कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। उत्तराखंड में भी बुधवार को एनआईए ने छापेमारी की। देहरादून समेत कई शहरों में एनआईए की कार्रवाई जारी है। उत्तराखंड में एनआईए की छापेमारी चल रही है। खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट नामक संगठन को गोली सप्लाई करने के आरोप में बुध वार को एएनआईए की टीम देहरादून पहुंची है। देहरादून क्लेमेंट टाउन स्थित परीक्षित नेगी के घर सरकारी जांच एजेंसी की टीम और पुलिस मौजूद है। बता दें पिछले साल दिल्ली में भारी मात्रा में अवैध कारतूस पकड़े जाने के मामले में दिल्ली पुलिस ने देहरादून के आर्म्स डीलर परीक्षित नेगी को गिरफ्तार किया था।। इन दिनों परीक्षित जमानत पर बाहर है और अपने क्लेमेनटाउन स्थित घर में है। एनआईए को इनपुट मिला था कि देहरादून के परीक्षित नेगी के गन स्टोर से खालिस्तान समर्थकों को कारतूस उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा अमृतसर समेत अन्य स्थानों पर भी कारतूस सप्लाई करने की सूचना एनआईए को मिली थी। एनआईए ने बुधवार सुबह देहरादून के क्लेमेनटाउन में परीक्षित नेगी के घर पर छापा मारा, पुलिस बल की मौजूदगी में एनआईए की टीम पूछताछ कर रही है।

## गाय भैंस की चर्बी से घी बनाने का भंडाफोड़

### चार लोग गिरफ्तार, 205 कनस्तर चर्बी बरामद

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए गाय भैंस की चर्बी से नकली घी बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। नकली घी बनाने वाले गिरोह के चार सदस्यों सामान सहित गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पुलभट्टा पुलिस को सूचना मिली थी कि सिरौली में व्यापक पैमाने पर गाय और भैंस की चर्बी से नकली घी बनाकर बाजार में भेजा जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए देर रात्रि में सिरौली में छापा मार कर गाय भैंस की चर्बी से भरे हुए 205 कनस्तर बरामद कर एक पिकअप गाड़ी और मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सिरौली से गाय और भैंस की चर्बी एकत्रित कर बाहर ले जाकर इसका घी बनाकर बाजार में बेचा जाता था। पुलिस प्रकरण में आगे अन्य लिप्त लोगों को जांच कर गिरफ्तार करने की प्रयास कर रही है। पुलभट्टा चौकी इंचार्ज कमलेश भट्ट ने बताया कि सूचना मिली थी कि सिरौली में कुछ लोग गाय भैंस की चर्बी को एकत्रित कर नकली (शेष पृष्ठ सात पर)

## लापता किशोरी का नौ दिन बाद जंगल में मिला शव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ओखलकांडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोटली निवासी लापता किशोरी का शव मंगलवार को नौ दिन बाद संदिग्ध हालात में जंगल में सड़ी गली हालत में पड़ा हुआ पाया गया। शव पाए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेजा। थानाध्यक्ष भुवन सिंह राणा ने बताया कि कोटली निवासी 16 वर्षीय किशोरी गत 17 सितंबर को घर में पुताई के लिए मिट्टी लेने की बात कहकर निकली थी। लेकिन तब से घर वापस नहीं लौटी थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब कहीं कोई पता नहीं चला तो 22 सितंबर को परिजनों ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस और परिजन किशोरी की खोजबीन में लगे हुए थे। उन्होंने बताया कि मंगलवार को जंगल में परिजनों को उसका शव सड़ी-गली हालात में पड़ा मिला। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संग्दिध लग रहा है। उन्होंने कहा कि शव पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चला पाएगा।

## बदला और लालच में की गयी अरूण की हत्या

### हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाला गिरफ्तार, लूटी गयी बाइक और मोबाइल भी बरामद



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बिलासपुर क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी युवक अरूण वर्मा की हत्या का पुलिस ने चौबीस घंटे में खुलासा कर दिया है। अरूण की हत्या पुरानी रंजिश और लूट के इरादे से उसी के साथी ने की थी। हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही पुलिस ने मृतक की बाइक और मोबाइल भी बरामद कर लिया है। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने खुलासा करते हुए बताया सुभाष नगर बिलासपुर रामपुर निवासी अमित वर्मा का 18 वर्षीय पुत्र अरूण वर्मा बाइक लेकर अपने चार दोस्तों के साथ घर से निकला था। लेकिन वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो नंबर बंद मिला। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। खोजबीन करने पर अरूण का शव अमेनिटी स्कूल के पास जंगल में मिला। मौके पर टूटी हुई हॉकी भी बरामद की गयी। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमों ने जांच में सीसी टीवी कैमरों के साथ ही सर्विलांस की मदद भी ली और हत्यारे तक पहुंच गयी। चौबीस घंटे में ही पुलिस ने हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले शक्ति कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी कीरतपुर को प्रीत विहार के पास रामपुर रोड से गिरफ्तार कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में आज शिक्षकों ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज किया। शिक्षकों ने कहा कि सरकार तथा राजकीय शिक्षक संघ के बीच हुए वार्ता के अनुसार सरकार ने अभी तक पदोन्नति, यात्रा अवकाश सहित अनेक मांगों पर विभागीय अधि कारियो के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया है। जिस कारण राजकीय शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षकों का कहना है कि पिछले कई वर्षो से प्रधानाध्यापक तथाप्रध ानाचार्य के सैकड़ो पद रिक्त हैं। लेकिन सरकार तथा विभागीय अधिकारी पदोन्नति पर कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। इसी के तहत प्रथम स्तर पर आज शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में गिरीश शर्मा, राजपति बिंद, यतेंद्र सिंह यादव, कृपाल सिंह कंबोज, कृष्ण राम आर्य, कैलाश राम, कुलदीप (शेष पृष्ठ सात पर)

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने स्पा सैंटरों पर मारे छापे



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की प्रभारी इंस्पेक्टर बसंती आर्या ने टीम के साथ सिडकुल क्षेत्र में अनैतिक व्यापार, बाल श्रम की रोकथाम के लिए थाना पंतनगर सिडकुल में संचालित स्पा सैंटरो में चैकिंग की। चैकिंग के दौरान डिलेक्स सेलून एंड स्पा सैंटर और डिवाइन स्पा सेंटर में अनियमितताएं पाई गई।टीम प्रभारी ने अनियमितताएं मिलने पर चालान की कार्रवाई की। चैकिंग के दौरान इंस्पेक्टर ने स्पा सेंटर पर कार्य करने वाली महिला स्टाफ की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने कर्मियों से कहा कि किसी भी कर्मचारी को कोई भी समस्या हो तो पुलिस कंट्रोल रूम 112 ,100 महिला हेल्पलाइन व 1090, उत्तराखंड पुलिस एप , पर शिकायत दर्ज करें। यूनिट प्रभारी ने स्पा सेंटर संचालकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कस्टमर की आईडी का पूर्ण विवरण एंट्री रजिस्टर में अंकित करें। सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने व काम करने वाले प्रत्येक कर्मचारी का पुलिस सत्यापन कराने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अगर स्पा सेंटर में चैकिंग के दौरान कोई गड़बड़ी मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ...तो 'नौकरशाहों' के हवाले कर दिए जाएंगे 'नगर निकाय' ?

### नवंबर में समाप्त हो रहा नगर निकायों का कार्यकाल, ओबीसी सर्वेक्षण का कार्य अब तक अधूरा , आरंभ नहीं हुआ मतदाता सूची का पुनरीक्षण, तय समय सीमा के भीतर नगर निकाय के चुनाव हो पाने की के आसार कम

■ अर्श




रूद्रपुर। उत्तराखंड में नगरीय निकायों का चुनाव कार्यकाल समाप्त होने में लगभग दो माह से कम समय बाकी रह गया है, लेकिन राज्य सरकार एवं राज्य निर्वाचन आयोग की सुस्त कार्यरफ्तार के दृष्टिगत नगर निकाय के चुनाव तय समय पर हो पाने के आसार कम ही दिख पड़ते हैं ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना है कि सभी नगर निकायों के का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनमें प्रशासक की नियुक्ति कर उन्हें नौकरशाहों के हवाले कर दिया जाएगा। बताना होगा कि उत्तराखंड में नगर निकायों (नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत) की संख्या 110 है। इनमें से तीन में चुनाव नहीं होते, जबकि दो का कार्यकाल अगले वर्ष पूर्ण होना है। शेष निकायों का कार्यकाल नवंबर में खत्म होने जा रहा है। इनमें चुनाव होने हैं। निकाय अधिनियम में निकायों का कार्यकाल खत्म होने से 15 दिन पहले अथवा बाद में चुनाव कराने का प्रविधान है। चुनाव न होने की स्थिति में उनमें छह माह के लिए प्रशासक बैठाए जा सकते हैं। यद्यपि, शासन स्तर पर निकाय चुनाव के लिए कसरत चल रही है और इस क्रम में 75 दिन की समय सारिणी भी प्रस्तावित की गई है, लेकिन नगर निकाय निर्वाचन संबंधी तमाम महत्वपूर्ण कार्य अभी पूर्ण नहीं हो पाए हैं। इनमें सबसे अहम है मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण, जिसमें सबसे अधिक समय लगता है और अभी तक इसके लिए पहल शुरू नहीं हो पाई है ।बताने की जरूरत नहीं कि किसी भी निर्वाचन को संपन्न करने के लिए संबंधित निर्वाचन की त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने का कार्य सबसे चुनौती पूर्ण एवं समय खाने वाला होता है । मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के लिए घर-घर सर्वेक्षण के बाद अंतिम मतदाता सूची तैयार की जाती है। इसके पश्चात छूटे व्यक्तियों के नाम शामिल करने के साथ ही नामों आदि में सुधार को आपत्तियां व दावे प्रस्तुत करने को समय दिया जाता है। इनके निस्तारण के बाद ही अंतिम मतदाता सूची तैयार होती है। क्योंकि उत्तराखंड में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य अभी आरंभ ही नहीं हुआ है, इसलिए इतना तो तय है कि राज्य में आगामी निकाय चुनाव कम से कम नवंबर माह में तो नहीं कराए जा सकेंगे, क्योंकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में कम से कम तीन माह का समय तो लग ही जाता है, इसके अतिरिक्त, निकायों में ओबीसी आरक्षण का निर्धारण भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। वह इसलिए, क्योंकि सभी निकायों में ओबीसी की वास्तविक स्थिति के आंकलन के दृष्टिगत राज्य सरकार द्वारा गठित एकल सदस्यीय वर्मा आयोग अभी तक अपनी अंतिम रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत नहीं कर पाया है, जिसके चलते अभी कुछ समय पहले ही सरकार ने आयोग का कार्यकाल बढ़ाया था। हालांकि वर्मा आयोग ने ओबीसी सर्वेक्षण का कार्य काफी हद तक पूरा कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रदेश के सात जिलों में 74 और लोगों में डेंगू की पुष्टि

## डेंगू मरीजों का बढ़ता जा रहा ग्राफ,अब तक 15 मरीजों की मौत, 308 सक्रिय

देहरादून। मौसम में बदलाव से सुबह–शाम हल्की ठंडक होने लगी है, लेकिन डेंगू की बीमारी फैलाने वाले एडीज मच्छर की सक्रियता कम नहीं हो रही है। दिन–प्रतिदिन डेंगू मरीजों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। मैदान हो या फिर पहाड़, सभी जगह लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। देहरादून के बाद पौड़ी जिला डेंगू का हॉटस्पॉट बन रहा है। मंगलवार को प्रदेश के सात जिलों में 74 और लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इनमें सबसे अधिक 32 मामले पौड़ी जिले में मिले हैं। देहरादून व हरिद्वार में 13–13, नैनीताल में 10, चंपावत में तीन, ऊधमसिंह नगर में दो और चमोली में एक व्यक्ति डेंगू की चपेट में आया है। हालांकि, डेंगू से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में अभी तक 2402 लोग डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 2079 मरीज स्वस्थ हो गए हैं, जबकि वर्तमान में 308 सक्रिय मामले हैं। डेंगू से अभी तक 15 मरीजों की मौत हो चुकी है। 13 मरीजों की मौत देहरादून में और दो की मौत नैनीताल जिले में हुई है। बात अगर जनपदवार मिले डेंगू के मामलों की करें तो देहरादून सबसे आगे है। यहां पर अभी तक 915 लोगों को डेंगू का डंक लग चुका है। इसके अलावा पौड़ी में 489, हरिद्वार में 408, नैनीताल में 377, ऊधम सिंह नगर में 71, चमोली में 50, चंपावत में 42, टिहरी में 17 और रुद्रप्रयाग में 14 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं।उधर, जिम्मेदार महकमों के अधिकारी लगातार दावा कर रहे हैं कि डेंगू पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। विभिन्न माध्यमों से लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। दून में कूड़ा निस्तारण नगर निगम के लिए चुनौती बना हुआ है। घर–घर कूड़ा उठान के साथ ही सार्वजनिक कूड़ेदानों से रोजाना सैकड़ों टन कूड़ा उत्सर्जित हो रहा है। जिसे डंप करने और निस्तारित करने में निगम के पसीने छूट रहे हैं। वहीं, कुछ लोग खाली प्लाट और घरों के आसपास भी कूड़ा डंप कर रहे हैं। इसलिए नगर निगम ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसके अलावा डेंगू के प्रकोप के बीच लापरवाह प्रतिष्ठानों व घरों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की जा रही है।




# रुद्रपुर टेंपो यूनियन के सुब्रत पुन: बने अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सीएनजी टेंपो यूनियन रुद्रपुर के 1 साल पूरा होने पर प्रथम वार्षिक सम्मेलन किया गया। सम्मेलन में एक साल के दौरान हुए कार्यक्रमों का लेखा जोखा रखा गया और आने वाले समय के लिए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। सभा का संचालन यूनियन के सलाहकार दिनेश चन्द्र भट्ट ने किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि सीएनजी टेम्पो सरकार की जीरो पॉल्यूशन की नीति के तहत यातायात व्यवस्था के लिए उतारा गया है। पर्यावरण को हो रहे खतरों को देखते हुए सरकार की यह नीति सही भी है। परंतु पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल होने के बावजूद भी बदह टेम्पो चालकों हेतु स्थानीय स्तर पर सुविधाओं का अभाव है। सम्मेलन में सीएनजी टेम्पो चालकों हेतु टेम्पो स्टेण्ड बनाने, परमिट को चार किलोमीटर से बढ़ाकर 16 किलोम4ीटर करने, सीएनजी टेम्पो चालकों से अवैध वसूली बंद करने की पुरजोर मांग की गयी। सम्मेलन में नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष के पद पर पुन: सुब्रत कुमार विश्वास,उपाध्यक्ष के पद पर इंद्रपाल, सचिव रमेश, उपसचिव गजेंद्र, कोषाध्यक्ष कृपाल, सहायक कोषाध्यक्ष राहुल मण्डल, मीडिया प्रभारी विक्की विश्वास,अरविन्द, संगठन मंत्री लखन, मंत्री आशुतोष, संगठन सलाहकार दिनेश चंद्र भट्ट, संरक्षक तापस विश्वास को सर्वसम्मति से चुना गया। सभा में इन्कलाबी मजदूर केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नए पदाधिकारियों को सामुहिक रूप से शपथ दिलाई गई कि वह अपने पदाधिकारियों के दिशा निर्देशों का पालन करें ,और हमेशा टेंपो यूनियन ,टैंपो चालक भाइयों और समाज में भाईचारा बनाने के हरसंभव कोशिश करेंगे । इस अवसर पर सुब्रत कुमार विश्वास ,इंकलाबी मजदूर केंद्र से कैलाश ,क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से शिव देव सिंह, इंटरार्क मजदूर संगठन के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, मजदूर सहयोग केंद्र से विजय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता शंकर चक्रवर्ती, किरण पांडे विश्वास, विश्वजीत मंडल, आकाश,इरफान, इंद्रपाल गजेंद्र, छोटेलाल,आदित्य समेत अनेक टैंपो चालक मौजूद रहे।



# मुरादाबाद से नशीले इंजेक्शन लाता गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुरादाबाद से नशीले इंजेक्शन खरीद कर हल्द्वानी के युवाओं में नशा घुलने वाले तस्कर को एएनटीएफ व कोतवाली की संयुक्त पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कुमकुम धानिक व जिला एएनटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा चौकिंग के दौरान वर्कशॉप लाइन वन विभाग गेट के पास संदिग्ध रूप से घूम रहे बाईक सवार एक व्यक्ति को पकड़कर उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता गुलाम गौस पुत्र मसरूर अहमद निवासी लाल मस्जिद के पीछे लाइन नंबर 15 थाना बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 49 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बाईक सीज कर दी। पूछताछ के दौरान गुलाम गौस ने बताया कि वह इंजेक्शनों को मुरादाबाद से किसी व्यक्ति से खरीदकर खरीद कर लाता है तथा हल्द्वानी व आस–पास के क्षेत्र के युवाओं को अधिक दामों में बेचकर मुनाफा कमाता है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक कुमकुम धानिक, कानि. अमनदीप सिंह, सोनू सिंह, प्रकाश शामिल थे।



# यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन

शक्तिफार्म(उद संवाददात)। यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सुमिन्दर यादव के नेतृत्व मे मंगलवार को तिलियापुर ग्राम सभा में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया और यूथ कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी को स्वागत किया गया । सभा को सम्बोधित करते हुये उत्तम आचार्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बेरोजगार युवाओं के लिए सोचती है,कांग्रेस कार्यकाल मे बेरोजगारी कम थी,महंगाई कम थी। अब समय आ गया है,बदलाव का,जनता अब सब समझ चुकी है। इस मौके पर शक्तिफार्म ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य शक्तिफार्म नगर अध्यक्ष प्राण मंडल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुकुमार चक्रवर्ती, दिपूल विश्वाश, सुशील कुमार, सागर मंडल, रंजन चौधरी, गुरदेव सिंह,शिवा कुमार, सूर्य प्रताप सिंह,सोनू बाबा, रविंदर सिंह, हरिनारायण, आदि उपस्थित रहे।




# पोषण माह के तहत उत्कृष्ट किशोरियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। एक सितंबर से 30 सितम्बर तक चलाये जा रहे पोषण माह के अंतर्गत वार्ड नंबर दो विवेकनगर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड संख्या नौ में पोषण माह गतिविधि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोषण माह का कार्यक्रम सात आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकत्रियों ने सामुहिक रूप से किया। इस दौरान उत्कृष्ट किशोरी बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को आयरन की गोलियां भी वितरित की गयी ताकि किशोरी बालिकाओं के शरीर में खून की कमी न हो।इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रोनोति विश्वास ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से मुक्त करना और सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने लोहे और पीतल के बर्तन में खाना बनाने के लिए प्रेरित किया। उत्कृष्ट बालिका में शिवानी, सलोनी, तानिया को सम्मानित किया गया। इस दौरान गीता वैद्य, कौशल्या, सुनीता सैनी, तुलसी, कनिका मण्डल, सहायिका चंपा सरकार आदि मौजूद रही।



# पूरन चन्द्र शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश चंद्र पंत ने उत्तरांचल राज्य के पूर्व प्रथम भाजपा अध्यक्ष पूरन चंद्र शर्मा के निधन पर शोक संवेदन प्रकट करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने एक अनुभवी ब्यवहार कुशल नेता खो दिया है। उनके साथ उत्तरांचल में बतौर प्रथम अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी (स्थानीय निकाय)के तौर पर कार्य करने का अवसर मिला था। हमने मिलकर उस कालखंड में भारतीय जनता पार्टी के बहुत सारे कार्यक्रम किए थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में श्री पूरन चंद्र के साथ काम किया। परमपिता परमेश्वर स्वर्गीय श्् पूरन चंद्र शर्मा जी की आत्मा को अपने पावन चरणों में निवास देकर पूर्ण शांति प्रदान करे और परिवार को इस कष्टकारी दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।

# सटोरिया का गैंबलिंग एक्ट में चालान

काशीपुर(उद संवाददाता)। सट्टे की अवैध खाई बड़ी में लिप्त एक सटोरिया को पुलिस ने दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से हजारों की नगदी व सट्टे की पर्ची आदि बरामद किया है। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट की तहत चालान कर दिया गया। पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में एक विद्यालय के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए वार्ड नंबर 37 मोहल्ला पक्काकोट निवासी इरशाद पुत्र मोहम्मद इब्राहिम को शक के आधार पर दमोह कर तलाशी में उसके कब्जे से सट्टे की पर्ची पेन डायरी व 1460 रुपए की नगदी बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# दुकान में शराब परोस रहा व्यापारी गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दुकान में शराब परोसना एक कारोबारी को भारी पड़ गया। पुलिस ने दुकानदार को गिरफ्तार कर वहां शराब पी रहे दो लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। सुपर मार्केट स्थित चिकन कार्नर में ग्राहकों को शराब परोसे जाने की शिकायत मिलने पर पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा तो वहां शराब पी रहे दो लोग फरार हो गये। जबकि दो लोग शराब पीते हुए मिले। वहां पर शराब की आधी बोतल भी मिली। पुलिस ने दुकान स्वामी अजय मण्डल पुत्र नारायण मण्डल निवासी यआदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौके पर शराब पी रहे मिलक खानाम रामपुर निवासी राम किशोर पुत्र घनश्याम और मेन मार्केट बिलासपुर निवासी मुरारी पुत्र श्याम लाल का चालान काटकर छोड़ दिया।

# भाजपा नेता रोशन अरोरा के पिता का निधन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा उत्तरी मण्डल के पूर्व अध्यक्ष रोशन अरोरा के पिता देशराज अरोरा का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम राजनैनतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। दोपहर को गमगीन माहौल में किच्छा रोड स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। शैलजा फार्म निवासी भाजपा नेता रोशन अरोरा के पिता 80 वर्षीय देश राज अरोरा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका बीती रात निधन हो गया। निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। दिवंगत देशराज अरोरा की शव यात्रा दोपहर को शैलजा फार्म से मोक्षधाम किच्छा के लिए निकली। सैकड़ों लोगों ने अंतिम संस्कार में पहुंचकर उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुरेश कोली ,राकेश सिंह,अनिल चौहान, दिवाकर पांडेय,मनीष शुक्ला, आशीष छाबड़ा, केसर सिंह, रामप्रकाश गुप्ता,बलविंदर सिंह बल्लू,कुलदीप चौहान, कुंदन सिंह बिष्ट,एडवोकेट कुलवीर सिंह,गोपाल पटवाल,बंटी खुराना,सुनील कालरा, सत्यप्रकाश चौहान,गोपाल पटेल,सुशील पटेल आदि समेत तमाम लोग शामिल थे।

# ग्राहकों को दी डाकघर की नई सेवाओं की जानकारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य डाकघर में डाक कम्युनिटी डवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ग्राहकों एवं कर्मचारियों को डाकघर में चल रही जन उपयोगी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह ने किया। मेयर रामपाल सिंह ने भारत सरकार व डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की सराहना की एवं लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में अब डाक सेवाएं भी हाईटैक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के अभियान को डाक विभाग भी साकार कर रहा है। अब डाक विभाग में नई सेवाओं का समावेश होने से जन सामान्य को इसका लाभ मिलेगा और इससे नया बदलाव आयेगा। इस अवसर पर प्रबंधक इंडिया पोस्टल पेमेंट बैंक रूद्रपुर गोविंद सिंह तोमर ने वित्तीय समावेश डिजिटल लेन देन, आधार के माध्यम से किसी भी खाते से भुगतान सम्बंधी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक विभाग अपनी सारी योजनाओं का विस्तार इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक व डाकिया के माध्यम से घर घर तक जाकर पहुंचाने का कार्य कर रहा है। हर सुविधा डाकघर अपने ग्राहकों को उपलब्ध करा रही है। मोबाईल रिचार्ज करना है या फिर बिजली बिल जमा करना हो। खातों से पैसे का ट्रांसफर भी कर सकते है। उन्होंने कहा कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का नेटवर्क बहुत ज्यादा है। डाक सामुदायिक विकास एक ऐसी योजना भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही है जिसमें जन सहभागिता के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन के साथ सामाजिक बदलाव लाना ही इसका मूल मंत्र है। कार्यक्रम का संचालन राहुल पंत ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पोस्टमाटर कुन्दन लाल ने जनप्रतिनिधियों के सहयोग से योजनाओं को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आहवान किया। इस अवसर पर अतिथि गण पार्षद आयुष तनेजा, भुवन गुप्ता, सुरेश विश्वास, एवं विभागीय कर्मचारी संदीप राना,राहुल पंत, सी.पी सिंह, राजेश आर्या, रवि मेहरा, मोहम्मद नईम,रुचि,दिया, भानु तिवारी, गौतम कांजी लाल,वेदप्रकाश,सौरभ आदि सम्मलित रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

आवश्यकता है
रूद्रपुर नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में किचन हेतु एक अनुभवी कारीगर (इंडियन/ चाईनीज)की आवश्यकता है। जिसे दो से तीन वर्ष का अनुभव हो।
-: सम्पर्क करें:-
9012586701
8393920958

# पुलिस के हत्थे चढ़ा कच्ची शराब का कुख्यात ब्रोकरी

## शुगर फैक्ट्री गेट पर खोखे की आड़ में चलाता है जरायम कारोबार

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन रेलवे क्रॉसिंग के समीप शुगर फैक्ट्री गेट पर खोखा की आड़ में पिछले कई वर्षो से अवैध कच्ची शराब की बिक्री करने वाले कारोबारी को पुलिस ने 40 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शराब कारोबारी के खिलाफ पूर्व में भी पुलिस व आबकारी द्वारा कई मुकदमे दर्ज है। जानकारी के मुताबिक टांडा उज्जैन चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने हरगनिया कॉलोनी टांडा उज्जैन निवासी रोहित उर्फ बोकरी पुत्र नंदकिशोर को रेलवे फाटक के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 40 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पकड़ा गया शराब करोबारी पिछले कई वर्षो से कानून की आंख में धूल झोंककर अवैध कच्ची शराब की तस्करी एवं कारोबार में लिप्त है। इसका एक भाई और है। वह भी कच्ची शराब के मामले में कुख्यात बताया जा रहा है। दोनों भाइयों के तार क्षेत्र के अवैध कच्ची शराब के बड़े कारोबारी से जुड़े बताए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि उक्त दोनों भाई अवैध कच्ची शराब की खेप को नगर क्षेत्र के तमाम गैरकानूनी अड्डों पर भी सप्लाई करने का काम कर रहे हैं।

बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर,गोदाम,पार्किंग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221, 09779777117

# विश्व हिंदू परिषद का हनुमान चालीसा पाठ संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में बनाए जा रहे भव्य राम मंदिर के गौरव एवं शौर्य को रेखांकित करने के लिए आगामी 2 अक्टूबर को भूत बंगला स्थित रामलीला मैदान में विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित की जाने वाली विशाल शौर्य यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा रुद्रपुर शहर के विभिन्न वार्डों में साप्ताहिक सत्संग एवं हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद के साप्ताहिक सत्संग एवं हनुमान चालीसा पाठ के इस क्रम में विगत दिनों नगर के देव होम्स, आवास विकास ,संजय नगर खेड़ा एवं ट्रांजिट कैंप इलाके में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।




हनुमान चालीसा पाठ में मुख्य रूप से जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुल्तान सिंह प्रखंड मंत्री योगेंद्र सिंह, जिला महिला उपाध्यक्ष शैली बंसल, अरविंद, धीरेंद्र, वीरेंद्र यादव, शिव शंकर गुप्ता,सुखदेव दास गुप्ता सहित भारी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं शिरकत की।

# कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली के मीटिंग हॉल में आगामी त्योहारों के संबंध में हरबंस सिंह एसपी सिटी, श्रीमती रिचा सिंह सिटी मजिस्ट्रेट एवं भूपेंद्र सिंह धोनी क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में लोगों द्वारा ईद के पर्व के दौरान पानी एवं बिजली की समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया। जिनका समाधान करने हेतु सबंधित विभागो के प्राधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस व प्रशासन द्वारा जनता से शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ त्यौहारों को मनाए जाने की अपील की गई। इन त्योहारों में स्थानीय प्रतिनिधियों से साफ सफाई का विशेष ध्यान देने को कहा गया। त्योहारी सीजन में यातायात के नियमों पालन करने के साथ हेलमेट का प्रयोग करने तथा तेज रफ्तार से वाहन न चलाने की प्रयास किया जाता है उनकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को कहा गया। कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने और न ही ऐसी गतिविधियों में



अपील की गई। सभी धर्मो के प्रतिनिधियों से धार्मिक सौहार्द को बनाए रखने की अपील की गई। जिन अराजक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने का शामिल होने की अपील की गई। मीटिंग में हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा, तथा पीस कमेटी के सदस्य आदि मौजूद रहे।

# इब्ने हसन ठेकेदार ने वार्ड 9 से सभासद के लिए ठोकी दावेदारी

गदरपुर (उद संवाददाता)।जैसे-जैसे निकाय चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे चुनाव मैदान में कूदने के लिए तैयारी शुरू हो गयी है। गदरपुर के वार्ड नंबर 9 से इब्ने हसन ठेकेदार ने सभासद पद के लिए अपनी दावेदारी ठोक दी है। उन्होंने कहा कि वार्ड की जनता का प्यार और आशीर्वाद मिला तो सभी वार्ड वासियों



के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे इन्होंने वर्तमान सभासद पर निशाना साधते हुए बताया कि वार्ड वासियों की उम्मीद पर वर्तमान सभासद खरे नहीं उतर रहे हैं और वार्ड की मूलभूत समस्याएं भी जस की तस 10 बनी हुई है। इब्ने हसन के करीबी मित्र जावेद सैफी ने जानकारी देते हुए बताया कि इब्ने हसन ठेकेदार पूर्व में भी वार्ड नंबर 9 पंजाबी कालोनी से सभासद पद पर चुनाव लड़े थे जो बड़े कम फासले से चुनाव जीतने से रह गए थे लेकिन उसके बाद से ही इब्ने हसन ठेकेदार वह उनकी टीम वार्ड में लगातार अपना संपर्क बनाए हुए हैं और लोगों का दिल जीतने का काम कर रहे हैं ।जावेद सैफी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार पूरे वार्ड का प्यार उन्हें मिल रहा है और इब्ने हसन ठेकेदार चुनाव मैदान में कूदने को तैयार है और आने वाले निकाय चुनाव में मजबूती के साथ वार्ड नंबर 9 पंजाबी कॉलोनी से सभासद पद पर चुनाव लड़ेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरित किये

पन्तनगर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इन्टरकालेज राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बच्चो ने देश भॅक्ति गीत एवं नृत्य नाटिका



प्रस्तुत किया गया । विगत वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में उर्तीण छात्राओ को अभिवावक संघ के अध्यक्ष अंगद सिंह द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान सम्मानित किया गया, उनके द्वारा छात्राओ के उज्जव भविष्य की कामना की गयी । इस अवसर पर विमला तिवारी, विमला कापड़ी आदि शिक्षिकाये प्रस्तुत थी।

# मेयर रौतेला ने किया दो टाईल्स मार्गों का लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम के वार्ड 16 बाजार क्षेत्र के रामलीला मैदान, गुरूद्वारे के निकट इण्टर लॉक टाईल्स मार्ग एवं नाली का पुन: निर्माण कार्य एवं वार्ड 53 रौतेला कॉलोनी में ब्रिडकुल कार्यालय से बोरा के घर तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स रोड का निर्माण कार्य का लोकार्पण महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला द्वारा



किया गया। इस अवसर पर वार्ड 16 पार्षद तन्मय रावत, वार्ड 06 पार्षद व संरक्षक गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा हल्द्वानी नरेन्द्र जीत सिंह, वार्ड 53 पार्षद नरेन्द्र सिंह बगड़वाल, रंजीत सिंह आनंद, अमरजीत सिंह बिन्द्रा, अमरजीत सिंह, जगमीत सिंह मीति, बलवंत सिंह आनंद, जगजीत सिंह, रोहित ठाकुर, जगदीश बल्लभ शर्मा, सहायक अभियंता नवल नौटियाल, मनोज नैनवाल आदि वरिष्ठजनों समेत स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# युवा पीढ़ी को संस्कृति का ज्ञान करना आवश्यक: रामपाल

## गुरूनानक बालिका इंटर कालेज में संस्कृत महोत्सव आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित दो दिवसीय संस्कृत महोत्सव का मेयर रामपाल सिंह एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी आर सी आर्य, श्री गुरूनानक शिक्षा



समिति के प्रबंधक गुरमीत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, जिला शिक्षा अधिकारी डी एस राजपूत, श्रीमती अंजू रामपाल सिंह, श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के प्रबंधक गुरमीत सिंह का विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल, खंड संयोजक अंकित पाण्डे, जनपद संयोजक सुभाष मिश्रा, विद्यालय की वरिष्ठ संस्कृत प्रवक्ता श्रीमती जानकी पंत ने स्वागत एवं बैज अलंकरण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह ने उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी द्वारा किये जा रहे प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में युवा पीढ़ी को संस्कृति से रूबरू कराना जरूरी है। अपनी संस्कृति को संजोये रखने के लिए इस तरह के प्रयास सार्थक साबित होंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल क्रांति के दौर में आज युवा वर्ग संस्कृत भाषा और संस्कृति को भूलता जा रहा है। विद्यालय स्तर से ही इस तरह के प्रयास हों तो हम अपनी संस्कृति को निश्चित रूप से बचा पायेंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने भी संस्कृत भाषा के अधिकाधिक प्रचार प्रसार पर जोर दिया। सांस्कृति प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागियों की भी सराहना की। श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के प्रबंधक स. गुरमीत सिंह ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए अकादमी के द्वारा किये गये कार्यक्रम एवं विद्यालय में किये जा रहे अपने सहयोग एवं संस्कृत प्रतिभागियों की प्रशंसा की। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। खंडसंयोजक अंकित पांडे एवं जिला संयोजक सुभाष मिश्रा एवं श्रीमती जानकी पंत ने विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण एवं विभिन्न स्तरों पर संचालन की जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के संस्कृत समूह गीत, संस्कृत समूह नृत्य, नाटक, श्लोकोच्चारण, आशु भाषण, वाद विवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया सीएम आवास का घेराव

देहरादून(उद संवाददाता)। विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रिओं ने संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में बीते सोमवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। आंगनबाड़ियों ने मानदेय का नाम हटाओ, वेतन भोगी बनाओ एवं राज्य कर्मचारी घोषित करों के साथ ही साथ 18000 वेतन की मांग को लेकर एक मांग पत्र मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री सचिव को सोपा आपको बता दें उधम सिंह नगर जिले की आंगनवाड़ी कार्यकत्री/सेविका /मिनी कर्मचारी संगठन की पूर्व जिला अध्यक्ष अनीता सिंह ने बताया कि मांग पत्र सौंपते हुए। 20 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ती कार्य बहिष्कार पर मजबूर होगी।



# उत्तराखण्ड में निवेश की अपार सम्भावनाएं : धामी

## लंदन में उत्तराखंड सरकार ने पोमा ग्रुप के साथ 2 हजार करोड़ रूपये का इन्वेस्टर एमओयू किया साइन, उषा ब्रेको लिमिटेड के साथ किया उत्तराखण्ड में 1000 करोड़ का निवेश,सीएम धामी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उत्तराखण्ड आने के लिए निवेशकों को किया आमंत्रित

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने चार दिवसीय विदेश यात्रा के दूसरे दिन लंदन में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लंदन में पोमा ग्रुप के साथ 2 हजार करोड़ रूपये का इन्वेस्टर एलओयू साइन किया गया। राज्य सरकार की ओर से सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयू साइन किया। लंदन में उषा ब्रेको लिमिटेड के अध्यक्ष प्रशांत झावर जी के साथ उत्तराखण्ड में 1000 करोड़ के निवेश हेतु एमओयू किया। दिसंबर माह में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है जो प्रदेश की आर्थिकी को नई गति प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु उत्तराखण्ड आने के लिए निवेशकों को आमंत्रित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लंदन के कई प्रमुख उद्योग घरानों के





प्रतिनिधियों से भेंट करते हुए उत्तराखण्ड में निवेश की सम्भावनाओं पर विस्तृत चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भौगौलिक परिस्थितियों को देखते हुए उत्तराखण्ड में इको फ्रैंडली टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। पोमा ग्रुप दुनियाभर में रोपवे निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि पोमा ग्रुप का उत्तराखण्ड में काम करने का बहुत पुराना अनुभव है। चमोली जिले के औली रोपवे में पोमा ग्रुप तकनीकी सहयोग प्रदान कर चुका है।वर्तमान में पोमा रोपवे, देहरादून–मसूरी रोपवे एवं यमुनोत्री रोपवे प्रोजेक्ट्स में भी तकनीकी सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोमा ग्रुप द्वारा हरिद्वार समेत कई अन्य धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों में रोपवे के लिए तकनीकी सहयोग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए निवेश की इच्छा जाहिर की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस पर्यटन के साथ–साथ इकोलॉजी और इकॉनमी पर भी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश के लिए ऐसे रास्तों की तलाश कर रही है जिसमें विकास और पर्यावरण का संतुलन बना रहे। मुख्यमंत्री ने लंदन में निवेशकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लंदन सर्विस सेक्टर का बड़ा केंद्र है इसलिए यहां टूरिज्म, आईटी, हेल्थकेयर के क्षेत्र के बड़े निवेशक कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड एक पर्वतीय राज्य होने के कारण यहां की कृषि जलवायु भी अन्य राज्यों से भिन्न है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में यूरोप से लेकर सभी देशों के ऑर्गेनिक उत्पादों की विशेष मांग है। समिट के जरिए उत्तराखण्ड के उत्पादों को विदेशों में और प्रभावी रुप से पहुंचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ केयर एवं लाइफ साइंसेज के क्षेत्र में ब्रिटेन अग्रणी है। उत्तराखण्ड भी भारत के फार्मा हब के रूप मेंप्रतिष्ठित है। राज्य में3 फार्मा क्लस्टर हैं, जिनमें300 से अधिक उद्योग कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा समेत डेलीगेशन के अन्य सदस्य एवं इन्वेस्टर्स मौजूद रहे।

# रूद्रपुर में पहली बार हुई ठाकुर जी की सामूहिक कुआं पूजा

## अग्रवाल महिला समिति की महिलाओं ने धूमधाम से की कुआं पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अग्रवाल महिला समिति द्वारा रूद्रपुर के इतिहास में पहली बार ठाकुर जी का कुआं पूजन बड़े ही धूमधाम से बैंड बाजों के साथ श्री अग्रवाल सभा भवन मे मनाया गया। जिसमें अग्रवाल समाज की सैकड़ों बहनों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और साक्षात ठाकुर जी का लाड़ लगाकर युवा पीढ़ी समाज के धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति जागरूक होते हैं। श्रीमती अग्रवाल ने ठाकुर जी के जन्म के भजन एवं मंगल गीत गाकर वातावरण को पूरी तरह से श्री ठाकुर जी के भक्तिभाव से एकता और अखंडता का परिचय देते है। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की महिलाओं ने भारी संख्या में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और ठाकुर जी के भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। अध्यक्ष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अग्रवाल महिला समिति द्वारा यह बहुत ही सुंदर और सराहनीय प्रयास था जो की बहुत ही सफल रहा। इस अवसर पर राधा कृष्ण का नृत्य सुषमा अग्रवाल ने बहुत ही सुंदर और सहज ढंग से कार्यक्रम की व्यवस्था को संभाला और समाज में एक नए और धार्मिक कार्यक्रम का संचालन किया। महामंत्री प्रिया गर्ग ने बताया कि कैसे महिला समिति की समस्त महिलाओं ने अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर नीतू रुंगटा, कांता अग्रवाल, राजकुमारी तुलसयान, मोनिका बंसल, बीना गोयल, कमला अग्रवाल, नीलम गर्ग, सविता अग्रवाल, ज्योति गोयल, पूनम बिंदल, उमा गर्ग, नीतू गोयल, सरोज अग्रवाल, रश्मि जिंदल, पुष्पा गर्ग, अंजू बंसल,



नाचते झूमते हुए विधि विधान से कुआ पूजा की गई। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज मे आपसी प्रेम भाव बढ़ता है और सराबोर कर दिया। सभी महिला श्रद्धालुओ को भजनों पर नाचने की मजबूर कर दिया। महामंत्री प्रिया गर्ग और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज मे सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग और उषा श्यामपुरिया ने बताया कि भविष्य में भी अग्रवाल महिला समिति द्वारा समाज के युवाओं को विभिन्न पूजा एवं संस्कारों से परिचय कराने के लिए ऐसे दर्पण अग्रवाल और आशी अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। ठाकुर जी के जन्म के मंगल गीत और भजनों से कार्यक्रम में माहौल बहुत ही धार्मिक और मनमोहन हो रहा था।अध्यक्ष उन्होंने इस कार्यक्रम की रूपरेखा अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल और कोषाध्यक्ष उषा श्यामपुरिया के साथ मिलकर तैयार की और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनकी अग्रवाल प्रियंका अग्रवाल, बबीता मित्तल, मीनाक्षी गर्ग, अंकिता गर्ग, रश्मि जिंदल, साधना अग्रवाल, स्वीटी बिन्दल, सीमा बिंदल, शशि बंसल, ममता गोयल आदि महिलाएं मौजूद थीं।



# बड़े अरमान ले बाबा तेरे दरबार आया हूँ..

## चोला श्रृंगार, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में श्री बालाजी महाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को चोला श्रृंगार किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया । उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने जब कोई नहीं आता हनुमान आते है, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने अंजनी का लाल रे भक्तों का रखवाला रे, विशाल मदान ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, गोविंद ग्रोवर ने बाबा ने बुलाया है दरबार हमे जाना है, सुनील कुमार ने बड़े अरमान ले बाबा तेरे दरबार आया हूँ, दीपु सैनी ने जो भी आया तेरे द्वार, राजपाल ने दुनिया में देव हजारो है बजरंग बली का क्या कहना, वैभव गगनेजा ने रखवाला प्रतिपाला मेरा लाल लंगोट वाला, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा का चोला चमके, कृष्ण छाबड़ा ने बाबा सबकी सुनती है सुनेंगे मेरी भी, सुरेश मित्तल ने साँस देना प्रभु इतनी तो कम से कम भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, खैरात कुमार, शिव कुमार, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टु अरोरा, सौरभ अग्रवाल, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, अजय जायसवाल , पवन कुमार, वैभव गगनेजा, कृष्ण छाबड़ा, मदन लाल खन्ना, नितिन रस्तोगी, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, सुभाष गोयल, सुमित बब्बर, अंश अरोरा, भारत शर्मा, केवल पाठक, सौरभ अग्रवाल, अनटू रस्तोगी, रवींद्र चौहान, डी के तंहमजप, एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।





# हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संजय नगर खेड़ा स्थित श्री श्री बसंती मंदिर में आयोजित श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर संकीर्तन में प्रतिभाग किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड सहित कई अन्य राज्यों में भी कांग्रेस के पर्यवेक्षक रहे कृष्ण शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,



पूनम गुप्ता, सतनाम सिंह, ममता शर्मा, आनंद शर्मा, रणजीत तिवारी, आदि ने पहुंचकर अखंड हरिनाम संकीर्तन में प्रतिभाग किया,और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संकीर्तन आयोजक श्री सनातन दास गोस्वामी ने श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता कृष्ण शर्मा,अनिल शर्मा मोनिका ढाली,और पूनम गुप्ता का पीत वस्त्र डालकर एवं फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया और आशीर्वाद प्रदान किया। बाद में श्रीमती शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने देर रात्रि तक हरि नाम संकीर्तन में हिस्सा लिया स और पुण्यलाभ अर्जित किया।

# जागरूकता अभियान में निरक्षर वयस्कों हस्ताक्षर करना सिखाया

गदरपुर (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने कु. विदिशा कर की अगुवाई में हिंदी पखवाड़ा मनाने के साथ ही वयस्क साक्षरता के लिए जागरूकता अभियान चलाकर कुछ निरक्षर वयस्कों को हस्ताक्षर करना सिखाया। इन निरक्षर वयस्कों को लाईन तक खींचने में दिक्कत हो रही थी लेकिन छात्र-छात्राओं ने हार नहीं मानी और समाज के विकास हेतु



अपना योगदान दिया। कु. विदिशा कर, शांत, एवं विकास ने स्वयं आगे बढ़कर मात्र प्रेरणा व मार्गदर्शन से यह जनजागरूकता अभियान चलाया। वहीं हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत इन छात्र-छात्राओं ने हिंदी दीवार पत्रिकार तैयार करके अपना योगदान हिंदी के विकास में सुनिश्चित किया है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शर्मिला सक्सेना ने बताया कि थोड़े से प्रोत्साहन देने से ही ये विद्यार्थी बड़े कार्य करने को तत्पर हैं। इन्हें आगे भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# मलिन बस्तियों का श्रेणीवार होगा चिन्हीकरण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर तथा काशीपुर में मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने रुद्रपुर तथा काशीपुर में मलिन बस्ती चिन्हीकरण हेतु जिला कार्यालय सभागार में बैठक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि निगमों में मलिन बस्तियों का निर्धारण श्रेणीवार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे स्थान जहां पर मालिकाना हक दिया जाना संभव है, उन्हें श्रेणीख्र 1 में रखा जाए। उन्होंने वन आदि क्षेत्रों को श्रेणी 2 में तथा जिन स्थानों पर मालिकाना हक दिया जाना संभव न हो और सुरक्षात्मक दृष्टि से भी सही न हों, उन्हें श्रेणी 3 में शामिल किया जाए। उन्होंने श्रेणी 3 में रेलवे भूमि, एनएचएआई, नदी तटीय क्षेत्रों को विशेषरूप से श्रेणी 3 में शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वे में जमीन की विशेषता के बारे में भी विस्तार से उल्लेख करने के निर्देश दिए। उन्होंने मालिन बस्तियों के सर्वे के लिए सामाजिक आर्थिक तथा जनगणना डाटा का भी अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद की बड़ी नगर पालिकाओं में भी मलिन बस्तियों के चिन्हीकरण हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के हित पूरे हों। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसपी मनोज कत्याल, सचिव जिला विकास प्राधिकरण एनएस नबियाल, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि विनोद प्रसाद डोबरियाल, ईई सिंचाई प्रकाश चंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।



KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन, उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# खुलेआम गुण्डागर्दी युवक को बुरी तरह पीटा, वीडियो वायरल

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरौली में एक स्कूली छात्र को दबंगों द्वारा घेरकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। यही नहीं मारपीट करने वाले दबंगों ने पूरा वीडियो भी बना डाला। जो पुलिस को खुली चुनौती दे रहा है। सिरौली किस तरह अपराधियों का गढ़ बन रहा है इससे साफ जाहिर हो रहा है। पुलभट्टा थाना पुलिस के अनुसार मो० शहीद पुत्र मो० शाह निवासी वार्ड नं० 20 इन्द्रानगर सिरोली कलां ने तहरीर में कहा है कि सायं उसका बेटा मो० फैज अपने स्कूल से वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में चार बीगा में मो० फैज को कैश, आमिर, सोहिल ,जोइब सहित अरम पुत्र फाजिल खाँ द्वारा रोक लिया और मो. फैज के साथ गाली गलोच करने लगे जब इसका विरोध किया तो मो. फैज को बहुत बुरी तरह से मारा पीटा। मो० फेज को जमीन पर गिरा कर लात घूसों से बहुत ही बुरी तरह से मारा पीटा है, जिससे गुम चोटें आई है। इन लोगों ने मारते हुए वीडियो भी बनाई है ।जिसे वायरल कर दिया है जिससे मानसिक रूप से भी हानि हुई है। मो. फैज ने जैसे तैसे अपने आप को बचाया है इन लोगों ने धमकी दी है कि अगर कहीं रास्ते में अकेला मिल गया तो जान से मार देंगे, ये लोग आए दिन मो० फैज का रास्ता रोककर परेशान करते थे। जिससे बेटा बहुत डरा हुआ है। उक्त लोग उसके पुत्र का स्कूल तक पीछा करते हैं इसलिए उसे छुपते हुऐ अपने स्कूल जाना पड़ता है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मेयर ने पर्यावरण मित्रों को बांटे रेनकोट और जैकेट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम में कार्यरत पर्यावरण मित्रें की सुरक्षा के मद्देनजर उन्हें मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने रेडियम युक्त जैकेट और बरसात से बचने के लिए रेन कोट वितरित किये। साथ ही इस मौके पर नगर निगम की नारी शक्ति सेना को भी जैकेट एवं कलेक्शन बैग वितरित किया गया। बता दें पर्यावरण मित्रों को बारिश के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार बरसात के बीच में जलभराव जैसी स्थिति से निपटने में के दौरान रेन नहीं होने की स्थिति में पर्यावरण मित्रों को बारिश में भीगते हुए काम करना पड़ता था। जिसे देखते हुए मेयर रामपाल सिंह एवं नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने पर्यावरण मित्रें को रेन कोट वितरित करने का निर्णय लिया। मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम के सभी पर्यावरण मित्रों को बारिश से बचाव के लिए रेन कोट और रेडियम युक्त जैकेट वितरित किये। इस दौरान घर घर कूड़ा कलेक्शन का शुल्क वसूल करने वाली नारी शक्ति सेना की महिलाओं को मेयर ने ड्रैस कोड वाली जैकेटे वितरित की। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि नारी शक्ति सेना की टीम में जो भी महिलाएं शुल्क वसूल करने के लिए घर घर जाती है उनका ड्रैस कोड होना जरूरी था। ताकि कलेक्शन के दौरान महिलाओं कोई दिक्कत न हो और लोगों को भी उनकी पहचान रहे। मेयर ने कहा कि नगर निगम के सभी पर्यावरण मित्र उनके लिए परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने पर्यावरण मित्रें के हितों को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया है। यही वजह है कि उनके अब तक के कार्यकाल में पर्यावरण मित्रें और नगर निगम के बीच एक बार भी खींचतान की स्थिति पैदा नहीं हुयी और सामान्य रूप से पर्यावरण मित्रें ने सहयोग की भावना से काम किया है। आगे भी पर्यावरण मित्रें और नगर निगम के सभी कर्मचारियों के साथ टीम भावना के साथ काम किया जायेगा। नगर निगम के विकास और रूद्रपुर शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में नगर निगम कर्मचारियों के साथ साथ शहरवासियों का भी योगदान जरूरी है। शहर के नागरिकों के सहयोग के बिना शहर की हालत नहीं सुधारी जा सकती। मेयर ने कहा कि शहर के सभी लोग अगर कूड़े के यथा स्थान पर भी फैंके और पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णतः बंद कर दें तो यह भी अपने आप में एक बड़ा सहयोग होगा। इससे पर्यावरण मित्रें को भी राहत मिलेगी और शहर भी स्वच्छ और सुंदर बनेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ वित्त अधिकारी जुबक मोहन सक्सैना, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, पार्षद आयुष तनेजा, भुवन गुप्ता, ममता आर्य, शिप्रा अधिकारी, शुभम पाल, दीपक पंत, सुनील कुमार, मनोज कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## जलवायु परिवर्तन का असर

जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। हर वर्ष सर्दी, गर्मी, बरसात का चक्र असंतुलित और मिजाज कुछ उग्र रूप में दर्ज होता है। इस वर्ष भी बरसात का मौसम अपने सामान्य समय से पखवाड़ा भर बाद समाप्त होगा। यानी बरसात कुछ अधिक दिन तक रहेगी। लौटते वक्त बादल कई इलाकों में बरस कर जाएंगे।जाहिर है, इसका प्रभाव अगली फसल पर पड़ेगा। आमतौर पर इस मौसम में धान पकने शुरू हो जाते हैं। जब तेज बारिश होती और हवा चलती है, तो फसल जमीन पर लोट जाती है। इससे धान की कटाई में मुश्किल आती और पैदावार कम हो जाती है। फिर खेतों में लंबे समय तक नमी बनी रहने से उनकी जुताई और गेहूं की बुआई में देरी होगी।वैसे ही सर्दी का मौसम हर वर्ष कुछ छोटा होता जा रहा है, गेहूं की फसल को उचित ठंड न मिलने के कारण उनमें पर्याप्त दाने नहीं लग पाते। जल्दी गर्मी शुरू हो जाने से फसल जल्दी पक कर तैयार हो जाती है और गेहूं के दाने छोटे होने लगे हैं। इसकी वजह से उत्पादन पर बुरा असर पड़ रहा है। इस वर्ष भी मानसून के देर से लौटने के चलते धान और गेहूं दोनों फसलों पर बुरा असर पड़ने की आशंका है।यह तेरहवीं बार होगा, जब मानसून अपने तय समय से देर से लौटेगा। दक्षिण-पश्चिमी मानसून का चक्र असंतुलित होने के कारण इस साल भी बहुत सारे इलाके सूखे की चपेट में रहे, तो कई इलाकों में बरसात तबाही लेकर आई। जहां बारिश नहीं हुई, वहां धान की फसल सूख गई और जहां अधिक पानी बरसा, वहां खेत और बाग बड़े पैमाने पर बह गए।बहुत सारे इलाकों में बरसात देर से शुरू हुई, इसलिए धान की रोपाई समय पर नहीं हो पाई और अनुमान है कि करीब सत्रह फीसद कम धान की खेती हो पाई है। तिस पर बरसात के असंतुलित स्वभाव ने उत्पादन पर बुरा प्रभाव डाला है। इस तरह खाद्यान्न जरूरतें पूरा करने को लेकर चिंता गहराने लगी है। भारत दुनिया का बड़ा चावल निर्यातक है, मगर इसी तरह मानसून का चक्र हर साल गड़बड़ होता रहा और बरसात अपने समय पर न होकर विलंब से आती और समाप्त होती रही, तो घरेलू जरूरतें पूरा करना भी कठिन होता जाएगा। पिछले वर्ष गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगानी पड़ी थी, इस वर्ष बासमती चावल के निर्यात को संतुलित करना पड़ा। यही स्थिति दलहनी और तिलहनी फसलों के मामले में भी है।जलवायु परिवर्तन से पैदा संकट पर काबू पाने के लिए दुनिया के तमाम देश हर वर्ष कार्बन उत्सर्जन कम करने का संकल्प लेते हैं। मगर अभी तक वह संकल्प कागजी ही ज्यादा नजर आता है। इसे लेकर संपन्न और अधिक औद्योगिक उत्पादन करने वाले देशों की तरफ से जैसी गंभीर पहल होनी चाहिए, वैसी नहीं दिखती। इसका नतीजा यह हो रहा है कि न केवल बरसात का चक्र और स्वभाव बदला है, बल्कि गर्मी भी हर वर्ष कुछ अधिक तकलीफदेह रूप में आती है। सर्दी की अवधि सिकुड़ रही है। जिन देशों में हर समय सर्दी और बर्फ पड़ा करती थी, उनमें अब लू चलने लगी है। इस तरह जलवायु परिवर्तन की पीड़ा पूरी दुनिया को झेलनी पड़ रही है और इसका सबसे चिंताजनक प्रभाव कृषि उत्पादन पर पड़ रहा है। मगर अफसोस कि औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने की होड़ में कुदरत को सहेजने-संभालने की चिंता कहीं नहीं दिखती।

# राजभवन में वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट का आयोजन

## राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन में वुमेनोवेटर संस्था द्वारा आयोजित "वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट-2023" में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न क्षेत्रों में देशभर की अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वुमेनोवेटर 10ज्ञ फेलोशिप प्रोग्राम को भी लांच किया। यह प्रोग्राम 200 से अधिक शहरों में विस्तारित है जिसमें प्रत्येक शहर में 100 महिलाओं को प्रशिक्षण, उनके प्रचार, ब्रांडिंग संसाधन और विकास के माध्यम से सशक्त महिला उद्यमियों का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से किया गया है। वुमेनोवेटर, संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित एसडीजी के 5 लक्ष्यों के लिए समर्पित वैश्विक इनक्यूबेटर है। वुमेनोवेटर महिलाओं को अपने काम को प्रदर्शित करने और सामुदायिक सक्षमता और क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करता है। इसकी उपस्थिति 5 देशों सहित देश के 100 से अधिक शहरों



में है। राजभवन में आयोजित "वुमेनोवेटर क्रिएटर्स फेस्ट-2023" में 150 से अधिक सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों में महत्वपूर्ण प्रभावशाली महिलाओं ने प्रतिभाग किया जो विभिन्न क्षेत्रों में अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत रही हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी सम्मानित होने वाली महिलाओं को बधाई दी। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आप सभी नारी शक्ति ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर अन्य महिलाओं को प्रभावित किया है। आप सभी सफल महिलाओं ने अपने दृढ़ निश्चय से सफलता पायी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी के माध्यम से इन महिलाओं ने अपने आप को स्थापित किया है वह अनुकरणीय है। उन्होंने सभी महिलाओं को नेतृत्व की एक मिसाल बताया। राज्यपाल ने वुमेनोवेटर संस्था को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर वुमेनोवेटर की संस्थापक तृप्ति सिंगल सोमानी ने फेस्ट की जानकारी दी और बताया कि तेजी से आगे बढ़ रही प्रौद्योगिकी की दुनिया में महत्व के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि वुमेनोवेटर, अपनी परिवर्तनकारी पहल के साथ न केवल आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति को बढ़ावा दे रहा है बल्कि उन्हें आगे बढ़ने में भी मदद करेगा। इस अवसर पर वुमेनोवेटर के प्रतिष्ठित बोर्ड सदस्य डॉ. ब्लॉसम कोचर, ने महिलाओं को सशक्त बनाने के मूल्य पर जोर दिया और उनसे एक समृद्ध समुदाय के लिए अपनी रचनात्मकता और उद्यमशीलता की भावना को अपनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर ट्विटर-इंडिया की पूर्व प्रमुख कनिका मित्तल, अमेजन के उधम यादव, जान्हवी सिंह, चेतना बलहारा, प्रज्ञा सैनी, दीक्षा छाबड़ा, धैर्य गंगवानी, दीक्षा आनंद और अदिति शर्मा सहित अन्य प्रभावशाली महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

## सुखीढांग क्षेत्र में गुलदार को ट्रैक्युलाईज करने की अनुमति

चंपावत । विगत दिनों से सुखीढांग क्षेत्र में लोगों पर हमला करने वाले गुलदार को पकड़ने हेतु जिलाधिकारी नवनीत पांडे के निर्देशानुसार प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल वन प्रभाग चम्पावत द्वारा गुलदार को ट्रैक्युलाईज करने की अनुमति हेतु विभाग को पत्र भेजा गया था। जिसके क्रम में प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव)/मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक, उत्तराखंड धनंजय मोहन द्वारा गुलदार को ट्रैक्युलाईज करने की अनुमति प्रतिबंधों के साथ दे दी गई है। जो 01 माह तक वैध रहेगी और इस अवधि के उपरान्त स्वतः समाप्त हो जायेगी। यह जानकारी देते प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया है कि पूर्व में ही प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे लगाये गये तथा गुलदार की गतिविधियों की निगरानी हेतु कैमरा ट्रैप लगाये गये हैं, परन्तु गुलदार को पिंजरे में पकड़ा नहीं जा सका है। गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में वन क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में लगातार गश्त की जा रही है एवं लोगों को गुलदार से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगाये गये कैमरा ट्रैप का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है।

## विवाहिता के पक्ष में न्यायालय ने सुनाया फैसला

काशीपुर(उद संवाददाता)। घरेलू हिंसा की शिकार विवाहिता को न्यायालय ने ससुराल से न निकाले जाने का आदेश दिया है। काशीपुर निवासी रफत परवीन का विवाह मंझरा रोड स्थित फ्रेंड्स कालोनी निवासी नाजिम पुत्र इफ्तिखार हुसैन से हुआ था। विवाह के बाद ससुरालियों द्वारा उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।जिस पर पीड़िता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर के समक्ष घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2003 के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें कहा गया कि उसे व उसके दो बच्चों को पति जबरदस्ती घर से निकाल रहे हैं। घर से निकलने पर उसका कोई रहने का ठिकाना नहीं होगा। इस मामले में पीड़िता की ओर से अधिवक्ता द्वारा बहस के दौरान कहा गया कि घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2003 में स्पष्ट प्राविधान है कि शादीशुदा महिला अपने सांझी गृहस्थी / ससुराल में रह सकती है। इस सम्बन्ध में अनेक नजीरे दी गयी। जिस पर अधिवक्ता की बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर ने रफत परवीन को उसकी ससुराल से ना निकाले जाने का आदेश जारी किया, तथा आदेश की प्रति थानाध्यक्ष काशीपुर को भी न्यायालय द्वारा ही प्रेषित की गयी ।

# मछली पालन से आत्मनिर्भर बनेंगे उत्तराखंड के काश्तकार : कोश्यारी

## पूर्व राज्यपाल व विधायक गड़िया ने जगथाना गांव में दलीप सिंह दानू द्वारा ट्राउट मत्स्य पालन के लिये बनाये गये तालाबों का किया निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने मंगलवार को बागेश्वर जिले के सीमांत गांव जगथाना में स्वयंसेवी समितियों के माध्यम से किए जा रहे ट्राउट मत्स्य तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें पलायन को रोकने के लिए कार्य करना होगा तथा इसके लिए सरकार की योजनाओं का लाभ लेना होगा। श्री कोश्यारी ने कहा कि उत्तराखंड में पहाड़ की जटिल परिस्थितियों के बावजूद आज स्थानीय ग्रामीण और छोटे काश्तकार कड़ी मेहनत कर रहे हैं और अपनी आजीविका के लिये सेब, कीवी, नाशपाती, नींबू आदि फलों, सब्जी जड़ी बूटी के उत्पादन साथ ही पशुपालन और मछली पालन से आत्मनिर्भर बन रहे है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों के लिये सरकार मार्केटिंग की कार्ययोजना पर तेजी से कार्य करेगी साथ ही उत्पादकों को कारोबार के लिये प्रोत्साहित भी किया जायेगा। वहीं पूर्व सीएम भगतदा ने कहा कि उनके कार्यकाल से लेकर अब तक निरंतर कपकोट क्षेत्र का अपेक्षित विकास हो रहा है। कपकोट को आकांक्षी विकासखंडों में सम्मिलित करने से विकास कार्यो में तेजी आएगी। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी जगथाना गांव पहुंचे जहां उन्होंने गांव में खेतों में मडुवा व धान के खेतों में जाकर किसानों से वार्ता की तथा उनसे मोटा अनाज उगाने की बात कहकर कहा कि इसकी मांग बढ़ रही है। इसके बाद वे जगथाना में दलीप सिंह दानू व चंदन दानू द्वारा बनाए गए ट्राउट मत्स्य पालन का निरीक्षण किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि विधायक सुरेश गड़िया क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील हैं। कहा कि कपकोट को आकांक्षी विकास खंड के रूप में शामिल किया गया है, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी। विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि जगथाना में मत्स्य पालन उनका सपना था जिसे आज ग्रामीणों की मेहनत ने करके दिखाया है। कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्प है। ग्रामीणों की मांग पर गांव में मोबाइल सेवा प्रदान करने के लिए कार्यवाही प्रगति पर है तथा दिसंबर माह तक यहां मोबाइल सेवा प्रारंभ हो जाएगी । कहा कि मत्स्य के विपणन की समस्या का निदान किया जाएगा। मत्स्य अधिकारी मनोज मियान ने बताया कि वोकल फॉर लोकल की थीम पर विगत पांच साल से क्षेत्र में कलस्टर आधारित ट्राउट मछली का उत्पादन किया जा रहा है। जगथाना कलस्टर में सात समितियां काम कर रही है। बताया कि जगथाना के साथ ही शामा, लीती, बडेत, फरसाली, सौंग तथा लीली क्षेत्र में लगभग 20 समितियां मछली उत्पादन का कार्य कर रही है, जिसमें तीन सौ लोग जुडे हुए है। उन्होंने बताया कि मछली उत्पादन में कलस्टर आधारित कार्यो के लिए सरकार से मुख्यमंत्री घोषणा में 4. 5 करोड की धनराशि के सापेक्ष 1.5 करोड की धनराशि विभाग को मिल चुकी है, जिसका काश्तकरों को लाभ प्रदान किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, प्रमुख गोविंद दानू, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम शाही, लाल सिंह, दीवान, नपा अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, सुनीता टम्टा, मनमोहन भाकुनी, कला वती दीवान, हीरा बघरी, दलीप दानू, ग्राम प्रधान बिशन सिंह आदि उपस्थित थे।











## सीएस ने सभी ग्राम पंचायतों में तेजी से भारतनेट की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में नेशनल ब्रॉडबैंड मिशन के तहत 5वीं स्टेट ब्रॉडबैंड कमिटी की बैठक आयोजित हुयी। मुख्य सचिव ने प्रदेश को 4जी नेटवर्क से पूर्णतः संतृप्त करने के लिए



बीएसएनएल को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने यूपीसीएल को विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि जहां ग्रिड के माध्यम से विद्युत पहुंचा पाना सम्भव न हो या अत्यधिक महंगा हो, वहां सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बीएसएनएल एवं यूपीसीएल से विद्युत एवं नेटवर्क सेवा उपलब्ध कराने हेतु समयसीमा निर्धारित कर शासन को अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने भारतनेट फेज-1 के तहत् सभी ग्राम पंचायतों में तेजी से भारतनेट की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को इसके उपयोग के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर.के. सुधांशु सहित सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## निराश्रित व बालश्रम से रिस्क्यू किये गये बच्चों की पुनर्वास की मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मंगलवार को सचिवालय में बैठक लेकर निराश्रित, बालश्रम से मुक्त बच्चों के तहसील स्तर पर अभियान चलाकर आधार कार्ड के साथ ही राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने श्रमिकों विशेषकर खनन क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों की शिक्षा के लिए मोबाइल स्कूलों की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने जिलाधिकारियों को राज्य में बाल विवाह रोकने के लिए विद्यालयी शिक्षा विभाग की मदद से कक्षा 8 के बाद स्कूल ड्रॉप आउट करने वाली बालिकाओं के आंकड़े जुटाने के निर्देश भी दिए। अपर मुख्य सचिव ने राज्य में बालश्रम रोकने व अनाथ बच्चों के कल्याण, अच्छी शिक्षा व परवरिश के लिए जिला स्तर पर विभिन्न समितियों के स्थान पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता के एक अम्ब्रेला कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को निराश्रित व बालश्रम से रिस्क्यू किये गये बच्चों की पुनर्वास के दौरान उनकी प्रगति की निरन्तर मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए गए। बैठक में अपर सचिव गृह श्रीमती निवेदिता कुकरेती, डीआईजी श्रीमती पी रेणुका देवी तथा वर्चुअल माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

# सर्वोपरि रहा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर

## ब्लाक स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इण्टर कालेज गदरपुर में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी (उत्तराखंड सर्वकार)द्वारा आयोजित खंड स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का ब्लाक स्तरीय आयोजन किया गया.। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरविन्द पाण्डे द्वारा माँ सरस्वती के चित्र को अनावरण व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथि का स्वागत किया कार्यक्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज गदरपुर,राजकीय बालिका इण्टर कालेज दिनेशपुर, राजकीय इण्टर कालेज गदरपुर, राजकीय उ.मा.विद्यालय कूल्हा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेमपुर, राजकीय उ. मा.विद्यालय जगदीशपुर,राजकीय कन्या उमावि हरिदासपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया,,राजकीय इण्टर कालेज जयनगर,राजकीय उ.मा. विद्यालय फतेहगंज,सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर, एएनके इंटर कॉलेज गुलरभोज आदि विद्यालयों के छात्र / छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया, समस्त प्रतिभागी छात्र/छात्राओं द्वारा समूहगान, नाटक, वाद विवाद,आशु भाषण,श्लोक उच्चारण प्रस्तुत करके प्रतिभाग किया गया। विधायक अरविंद पांडे द्वारा बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के प्रोत्साहन के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के स्टाफ और बालिकाओं का शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद किया । इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी भाष्करानन्द पाण्डे, राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया के प्रधानाचार्य सुरेश प्रजापति,के.सी पाण्डेय,दीपक शर्मा,राजकुमुद पाठक,बशीधर पाण्डे,श्रीमती सुनीता कश्यप, सुशील त्रिपाठी,रोशन लाल, केवल शंकर तिवारी, राकेश भुड्डी, संतोष गुप्ता, हरिशंकर ,कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अनामिका आजाद ,सुमनलता गंगवार, रश्मि आर्या, नीरू जोशी, नीतू नेगी, ताराजोशी, कुसुमलता, माया भोज,निधि पनेरु,नीमा गुरौ, दीप्ती वर्मा,मिनती विश्वास,उर्वशी गंगवार,विनिता मैम,सुश्री सपना रानी, सुरभि ,प्रियंका ,ज्योति, गुडिया, दीपा मौर्या, वंदना, अंजली रानी, शिवानी पपनेजा, निशा टम्टा, ललिता विष्ट, नीरजा वर्मा,दीपा,ममता,कमलेश, मंजू रानी,नितेश कुमार शर्मा,डी.एस.रौतेला, रोजादीन अली,देवमुनि,संगीता, फूलमती,कलावती,नीतू,रश्मि सहित तमाम स्कूली बच्चे उपस्थिति रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नन्दिनी शर्मा और निर्णायक की भूमिका का निर्वाह राउमावि हरदासपुर की सहायक अध्यापिका सुमन लता, राइंकॉ. सकैनिया की सहायक अध्यापिका रजनी धमीजा एवं एवं राउमावि खेमपुर की सहायक अध्यापिका किरण ने किया । उसके पश्चात प्रधानाचार्या डा. किरण बाला पाण्डेय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया प्रतियोगिता कार्यक्रम के समापन से पूर्व पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा अपने संबोधन में सभी बालिकाओं द्वारा किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । प्रतियोगिताओं में वरिष्ठ/कनिष्ठ वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रहे प्रतिभागी टीमों को नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया,जिसमें संस्कृत समूह गान में राजकीय इंटर कॉलेज दिनेशपुर प्रथम,राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया द्वितीय,राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर तृतीय, संस्कृत नृत्य में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दिनेशपुर द्वितीय ,राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया तृतीय,संस्कृत नाटक में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर प्रथम, सर्वे इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर द्वितीय राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर तृतीय ,वाद विवाद में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर प्रथम ,राजकीय इंटर कॉलेज जयनगर द्वितीय,राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया तृतीय, आशु भाषण में अर्शदीप सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर प्रथम,जानीफा,राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर द्वितीय, श्लोक उच्चारण में महजबीन राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर प्रथम,समूह गान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दिनेशपुर प्रथम,राजकीय इंटर कॉलेज जयनगर द्वितीय,राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर तृतीय,संस्कृत नृत्य में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दिनेशपुर द्वितीय, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर तृतीय,वाद विवाद में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर प्रथम,राजकीय इंटर कॉलेज जयनगर द्वितीय,राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया तृतीय , श्लोक उच्चारण में सुहानी, सर्वे इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर ,जमालुद्दीन अहमद राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फतेहगंज द्वितीय, प्राची गंगवार राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर तृतीय, संस्कृत नाटक में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर प्रथम, संस्कृत समूह गान में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज दिनेशपुर प्रथम, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज गदरपुर द्वितीय, राजकीय इंटर कॉलेजद्द सकैनिया तृतीय,आशु भाषण में मन्नत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर,पूजा राजपूत राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया रहे । इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,कपिल अरोड़ा, अरविंद पाल,कुणाल रस्तोगी आदि शामिल थे ।





## धान खरीद केन्द्रों पर समय पर उपलब्ध करायें वारदाना: डीएम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने धान क्रय से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों व क्रय एजेन्सियों के साथ धान खरीद 2023-24 की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने आरएफसी को निर्देश दिये कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर समय से वारदाना उपलब्ध करा दे ताकि धान क्रय में वारदाने को लेकर समस्या उत्पन्न न हो। उन्होने आरएफसी को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने एक अधिकारी को इस जनपद हेतु नामित करते हुये जनपद में तैनाती करें ताकि धान खरीद में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर समन्वय स्थापित करते हुये त्वरित समाधान किया जा सकें। उन्होन अपर जिलाधिकारी/धान क्रय प्रभारी को निर्देश दिये कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये एक क्रय केन्द्र लालपुर (किच्छा) में खोला जाये। उन्होने सभी मंडी समिति सचिवों को निर्देश दिये कि सभी क्रय केन्द्रों पर समय से कॉटा, नमी मॉपक यंत्र, पंखा, पीने का पानी, किसानों के बैठने आदि सभी व्यवस्था समय से करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि सभी क्रय केन्द्रों पर एक-एक वॉट भी रखा जाये ताकि इलैक्ट्रॉनिक कॉटो में किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर इलैक्ट्रांनिक कांटे को वॉट से परीक्षण किया जा सकें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी क्रय केन्द्रों पर कॉमन धान व ग्रेड ए धान का सैम्पल भी रखा जाये ताकि किसानों को पता चल सकें। उन्होने सभी धान क्रय एजेन्सियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने सुपरवाईजरो का नाम, मोबाईल नम्बर की सूची अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध करा दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी/धान क्रय प्रभारी जय भारत सिंह, आरएफसी बीएल फिरमाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, वरिष्ठ विपणन अधिकारी अतुल चतुर्वेदी सहित मंडी समिति के सचिव आदि उपस्थित थे।



## विधायक बेहड़ ने किया सड़क का लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)।पूर्व स्वास्थ्य मंत्री किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने आज राज्य योजना के तहत ग्राम लंका(मलसी) में 31.71 लाख की लागत से निर्मित करायी गयी 500 मीटर सड़क का शिलान्यास समस्त ग्रामवासियों व वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ फीता काटकर किया द्य इस दौरान सभी गांववासियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया तथा सड़क निर्माण हेतु उनका आभार जताया तथा गांव के लोग खुंशी मन रहे है की पूरे गाँव में सड़क बनायीं जा रही है ।इस मौके पर विधायक बेहड़ ने गाँव की सभी गलियों का पैदल भ्रमण किया और सभी गांववासियों से मुलाकात की व उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चात बेहड़ ने कहा कि पूर्व में कई वर्षों से उपेक्षा झेल रहा लंका गाँव जहाँ पिछले कई वर्षों से कभी सड़क नहीं बनी थी सड़क बनते ही पूरा गाँव उत्तसाहित हो उठा है द्य किच्छा विधानसभा के प्रत्येक छोर तक विकास कार्य निरतंर गतिमान है, उनका लक्ष्य अपने इस 5 वर्ष के कार्यकाल में किच्छा को एक आदर्श विधानसभा बनाने का है ताकि किच्छा विधानसभा पूरे उत्तराखण्ड के लिए एक मिसाल बन सके द्य किच्छा शहर के साथ-साथ प्रत्येक गाँवो तक विकास कार्य कराए जाने हेतु वहां के निवासियों की सुविधानुसार ही विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है पहले चरण के अंतर्गत अतिमहत्वपूर्ण कार्यो को अंजाम दिया गया है तथा आगे आने वाले समय के दौरान पूरी विधानसभा में बहुत से विकास कार्य देखने को मिलेंगे। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला,क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री मति उमा दास, राजेन्द्र दास,मनोज यादव ग्राम प्रधान मलसी,राजेंद्र सिंह प्रधान मिलक, मोंटी सिंह प्रधान खुमरिया, गज्जन सिंह, कुलदीप सिंह, प्यारा सिंह,जसबीर सिंह, हरदीप सिंह, सतनाम सिंह,पिंडर सिंह ,सतपाल सिंह, हामिद अली,गौरी शंकर राय,निर्मल सिंह, हरीश लाल आदि उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष...

**तो नौकरशाहों के हवाले..**लिया है और 102 निकायों में से 100 निकायों की सर्वेक्षण रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को सौंप दी है, लेकिन श्रीनगर और शिवालिक नगर में सीमा विस्तार प्रस्तावित होने के कारण वर्मा आयोग अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप नहीं दे सका है ।बता दें कि सीमा विस्तार होने के बाद ही इन निकायों में ओबीसी सर्वेक्षण का काम पूरा हो सकेगा। तत्पश्चात आयोग अपनी रिपोर्ट राज्य निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत करेगा औरआयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही निकायों में ओबीसी आरक्षण तय किया जाएगा। इसके पश्चात अन्य आरक्षण भी निर्धारित किए जाएंगे। जाहिर है कि आरक्षण और परिसीमन कार्य पूरा हो जाने के बाद ही राज्य निर्वाचन आयोग मतदाता सूची के पुनरीक्षण की दिशा में कदम बढ़ाएगा। कुल मिलाकर यह सारी कवायद नवंबर माह तक अपने अंजाम तक पहुंच पाती तो फिलहाल नहीं दिख पड़ती। उपरोक्त तकनीकी अड़चनों के अलावा कतिपय राजनीतिक मजबूरियों के चलते भी राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नगर निकाय के चुनाव आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व नहीं करना चाहते । हाल ही में उत्तराखंड की बागेश्वर विधानसभा सीट में संपन्न हुए उपचुनाव में, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सत्ताधारी दल को जैसी सक्षम चुनौती दी,उससे भी भाजपा का आत्मविश्वास कमजोर हुआ है। लिहाजा राज्य के मुख्यमंत्री आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व राज्य में नगर निकाय के चुनाव कराने का जोखिम लेने से बचना चाहेंगे, क्योंकि लोकसभा चुनाव के पूर्व नगर निगम निकाय के चुनाव होने की स्थिति में अगर कहीं कांग्रेस पार्टी ने निकाय चुनाव में बढ़त बना ली ? तो इससे कांग्रेस के पक्ष में मोमेंटम तो बनेगा ही साथ ही कांग्रेस पार्टी का आत्मविश्वास भी सर चढ़कर बोलने लगेगा । जो कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी की मुसीबतें बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। इसलिए राज्य में नगर निकाय चुनाव, प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के पूर्व कराए जाने की संभावना लगभग ना के बराबर है। ऐसे में नगर निकाय का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद सभी नगर निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति अपरिहार्य हो जाएगी।

**गाय भज्ञैंस की चर्बी...**घी बनाने का काम कर रहे हैं। पुलिस ने सूचना पर जब छापा मारा तो सिरौली के वार्ड नंबर 20 में एक घर पर भारी मात्रा में गाय भैंस की चर्बी से भरे हुए 205 कनेक्टर वह एक पिकअप गाड़ी बरामद हुई मौके पर मौजूद लोगों ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भागने का प्रयास कर रहे इकबाल पुत्र हयातुल्लाह कुरैशी वार्ड नंबर 12 नईम कुरैशी पुत्र तालिब कुरेशी निवासी वार्ड नंबर 15 थाना पुलभट्टा किच्छा तथा मोहम्मद आलम पुत्र अशफाक हुसैन, यामीन मलिक पुत्र हनीफ निवासी पिपलिया थाना भोजपुर निवासी मुरादाबाद को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बदला और लालच में...**लिया। आरोपी की निशानदेही पर मृतक की बाइक और मोबाइल भी बरामद कर लिया गया। मृतक का सिम आरोपी ने फैंक दिया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह किसी बात को लेकर अरूण से बदला लेना चाहता था। आरोपी ने बताया कि लालच में आकर और बदले की नियत से उसने अरूण पर बेस बॉल के डंडे हमला कर दिया जिससे अरूण जमीन पर गिरकर छटपटाने लगा। अरूण चिल्लाने लगा तो उसने बेसबॉल के डंडे से बीस-पच्चीस वार फिर किये। जिससे अरूण की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। अरूण की मौत के बाद वह जेब से मोबाइल निकालकर और मृतक की बाइक को लेकर फरार हो गया। खुलासा के दौरान एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सिटी अनुषा बडोला मौजूद रहे। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कमाल हसन, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी, उपनिरीक्षक अशोक काण्डपाल, संदीप शर्मा, महेश काण्डपाल, मुकेश मिश्रा, जयप्रकाश, प्रमोद रावत, हेम फुलारा, कैलाश टम्टा, कैलाश सुतेड़ी, महिला कांस्टैबल ममता आर्या, कांस्टेबल दिनेशरावत, दीप चन्द्र, चालक नरेश जोशी आदि शामिल रहे।

**शिक्षकों ने काली...**गहलोत, गजेंद्र सिकरवार, वीके सिंह, सीपी यादव, डॉ विपिन गुप्ता, पीडी सिंह , इंद्रा गवासकोटी, विनीता दुबे, पूजा बत्रा, सायरा खातून, मोहम्मद लुकमान सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एक्सीडेंट के आरोपी बाइक चालक पर केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। एक्सीडेंट के आरोपी बाइक चालक के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर चांदपुर काशीपुर निवासी अमन कुमार पुत्र राजकुमार ने बताया कि बीते 15 सितंबर की सुबह लगभग 10:30 बजे उसके चाचा अशोक कुमार घर से मोटरसाइकिल संख्या यूके 18/4834 पर सवार होकर काशीपुर की ओर जा रहे थे इसी दौरान मार्ग में अकेला मोड़ के समीप काशीपुर से रामनगर की ओर जा रहे मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 एवं/4155 के चालक नाम पता अज्ञात ने तेजी व लापरवाही से उसके चाचा की मोटरसाइकिल में टक्कर मार कर उन्हें गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया।

## विद्युत चोरी में दो लोग नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि मेहतावन कुंडेश्वरी निवासी त्रिलोक सिंह पुत्र सरदारा सिंह तथा यहीं के राजेंद्र सिंह पुत्र उतार सिंह पिछले लंबे समय से मीटर से छेड़छाड़ कर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस में शिकायत के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जनता का दिल जीतने में कामयाब हुये मेयर रामपाल

## नजूल भूमि पर बसे लोगों का सपना होता नजर आ रहा सच

रूद्रपुर(उद ब्यूरो)। चुनाव जीतने के लिये जनता के साथ लुभावने वायदे करना सभी पार्टियों के एजेन्डे में होना आम बात है और सत्ता में आने के बाद उनके लिये उन वायदों पर खरा न उतरना उससे भी बड़ा एजेन्डा होता है। राज्य स्थापना के पश्चात उत्तराखण्ड में नजूल भूमि का मुद्दा भी कुछ ऐसा था। राज्य में पूर्ववर्ती सरकारें चाहे वह भले ही कांग्रेस की सरकार रही हो या फिर भाजपा की, दोनों ही पार्टियों द्वारा नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने का मुद्दा कई बार उछाला गया और इसके लिये जनता से कई बार वायदे भी किये गये लेकिन यह वायदे गरीबों के लिये केवल मुंगेरी लाल के सपने तक ही सिमटे रहे और कभी भी धरातल पर नही उतर पाये। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रहे भुवन चन्द्र खंडूडी द्वारा जरूर गरीबों के हित में सोचा गया और नजूल भूमि फ्री-होल्ड पालिसी में गरीबों को 50 वर्ग गज तक के प्लाट को नि:शुल्क फ्री-होल्ड करने की पहल शुरू की गई। लेकिन यह योजना भी केवल कागज तक ही सिमट तक रह गई। इसके पीछे मुख्य कारण फ्री-होल्ड कराने की जटिल प्रक्रिया थी। जिसके चलते गरीब लोगों को इसका लाभ नही मिल सका। उसके बाद कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई नजूल भूमि फ्री-होल्ड पालिसी से भी आम जनता को कोई विशेष राहत नही मिल पाई। नजूल भूमि को फ्री-होल्ड कराना आम जनता को टेड़ी खीर लगने लगा। लोगों में कांग्रेस और भाजपा के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा था। मालिकाना हक का सपना संजोये बैठे लोग इतने परेशान हो गये कि उन्होंने 2018 में हुये निकाय चुनाव में सभी पार्टियों का बहिष्कार करना शुरू कर दिया। निकाय चुनाव के दौरान कांग्रेस और भाजपा के नेताओं द्वारा लुभावने वायदे कर जनता को फिर मनाया गया और नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने का राग अलाप कर माहौल को अपने-अपने पक्ष में बनाने का प्रयास किया। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी नन्द लाल द्वारा समाचारों पत्रों में शपथ पत्र देते हुये नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिलाये जाने के विज्ञापन छपवाये गये। वहीं दूसरी और रूद्रपुर नगर निगम के मेयर पद हेतु भाजपा की ओर चुनाव मैदान में उतरे रामपाल ने तो नजूल मुद्दे पर सौगन्ध तक खा ली कि जब तक मै नजूल भूमि पर बसे गरीब लोगों को उनका मालिकाना हक नही दिला पाऊंगा तब तक चुनाव जीतने के बाद भी मेयर की कुर्सी पर नही बैठूंगा। रामपाल की इस प्रतिज्ञा को लेकर राजनीतिज्ञ समीक्षक अलग-अलग विशलेषण कर रहे थे। उनका तर्क था कि नजूल भूमि पर पालिसी बनाना सरकार का विषय है इसमें नगर निगम कोई प्रावधान नही कर सकता। मगर रामपाल गैर राजनीतिक क्षेत्र से आये थे और उन्हें जनता के इस दर्द का पता था कि इतने वर्षो से रह रहे लोगों को आज तक मालिकाना हक न मिलने से कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनता की इस समस्या को दिल पर लिया और अटल प्रतिज्ञा कर बैठे। मेयर का चुनाव जीतने के बाद रामपाल ने कभी भी अपनी प्रतिज्ञा का उल्लंघन नही किया और आम जनता को नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिये जाने को लेकर सरकार से निरन्तर पत्राचार करते रहे और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जनता की इस समस्या को हल कराने की जोरदार पैरवी की। यह नही कि नजूल भूमि का मामला इससे पूर्व कभी उठा ही नही बल्कि इससे पूर्व भाजपा से दो बार विधायक रह चुके राजकुमार ठुकराल द्वारा तो इस मुद्दे को कई बार विधानसभा के पटल पर उठाया जा चुका है। यहां तक कि जब नजूल भूमि फ्री-होल्ड पालिसी पर हाईकोर्ट से रोक लग गई थी तब इस रोक को सुप्रीम कोर्ट से हटवाने के लिये श्री ठुकराल ने सरकार का पक्ष मजबूती से रखवाया गया था जिसके बाद ही नजूल भूमि फ्री-होल्ड पालिसी लागू हो पाई। वर्तमान विधायक शिव अरोरा और भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा भी नजूल भूमि फ्री-होल्ड पालिसी को लागू करवाने में जुटे रहे। इन सबसे ऊपर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस आम जनता की इस समस्या से वाकिफ थे और वह भी चाहते थे कि लोगों को मालिकाना हक मिले। इसके लिये उन्होंने नजूल भूमि फ्री-होल्ड पालिसी में आवश्यक संशोधन कराते हुये नजूल भूमि पर बसे लोगों को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद ही मेयर बनने से पूर्व रामपाल द्वारा ली गई सौगन्ध पूरी हो पाई और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में साढ़े चार साल बाद मेयर की कुर्सी पर विराजमान हुये। मेयर की कुर्सी पर बैठने के बाद रामपाल द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिये दिन-रात लगे हुये है। उन्होंने निगम का काफी स्टाफ लोगों की नजूल भूमि से सम्बंधित फाईलों को पूर्ण कराने में लगाया हुआ है जिसका लाभ आज पूरे क्षेत्र के लोगों को मिलता नजर आ रहा है। बहरहाल नजूल भूमि पर बसे लोगों की फ्री-होल्ड कराने की फाईल तेजी से तैयार की जा रही है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नजूल भूमि पर बसे लोगों का मालिकाना हक मिलने का जो सपना था शायद अब वह साकार हो पायेगा।





# रूपये खर्च किये बगैर गरीबों को मालिकाना हक दिलाने में जुटे मेयर

## फार्म ,शपथ पत्र ,नोटरी आदि सब कुछ नि:शुल्क ,नगर निगम अपनी जेब से कर रहा समस्त खर्चे




रूद्रपुर(उद ब्यूरो)। प्रदेश के युवा एवं हरदिल अजीज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले, इसके लिये नगर निगम हर प्रयास में जुटा हुआ है। मेयर रामपाल के अथक प्रयासों से प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री धामी की महत्वाकांक्षी योजना नजूल भूमि फ्री-होल्ड पॉलिसी के तहत गरीब जनता के 50 वर्ग गज के प्लाटों को नि:शुल्क फ्रीहोल्ड किये जाने की प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से चल रही है। लाल फीताशाही को दर-किनार करते हुये जनता के बीच जाकर कैम्प लगा कर पात्र लोगों की पत्रावलिया तैयार कराई जा रही है। पत्रावलिया तैयार करने में किसी को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिये नगर निगम द्वारा वैण्डर, शपथ पत्र हेतु नोटरी, फोटो कॉपी आदि की भी व्यवस्था की गई है। मेयर रामपाल ने एक मुलाकात में कहा कि पूर्व में बनी फ्रीहोल्ड पॉलिसी में इतनी जटिलताएं हुआ करती थी कि जिसके चलते कभी कोई गरीब अपना प्लाट फ्री-होल्ड नही करवा पाया। पूर्व में फ्री होल्ड की पत्रावलियों में 12 अधिकारियों/विभागों की रिपोर्टस और हस्ताक्षर हुआ करते थे। लेकिन इस बार पत्रावलियों में इसको सीमित करते हुये पटवारी,प्राधिकरण,नगर आयुक्त,एडीएम और डीएम के हस्ताक्षर से ही इसको पूर्ण कराया जा रहा है। मेयर रामपाल ने दावा किया कि 50 वर्ग गज के प्लाट के फ्रीहोल्ड के लिये पात्र व्यक्ति का एक रूपया भी खर्च नही होने दिया जा रहा है। पत्रावलियों में लगने वाला फार्म, शपथ पत्र, नोटरी आदि का खर्चा नगर निगम द्वारा वहन किया जा रहा है। पात्र व्यक्ति से सिर्फ हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। मेयर ने कहा कि यदि किसी के पास गृहकर,जल कर की रसीद नही है तब भी किसी को कोई घबराने की जरूरत नही है। पात्र व्यक्ति 2011 से पूर्व का अपना निर्धारित कोई सरकारी दस्तावेज प्रस्तुत कर भी फ्री होल्ड कराने के लिये अपनी पत्रावलियां तैयार करवा सकता है। उन्होंने बताया कि नजूल भूमि को फ्री-होल्ड कराने के लिये आदर्श बंगाली कालोनी में कैम्प लगाया जा चुका है। जहां अभी तक 780 से अधिक पत्रावलियां घर-घर जाकर पूर्ण कराई जा चुकी है। जिसमें से पहले चरण में 500 पत्रावलियों को अपर जिलाधिकारी (नजूल) कार्यालय में आज-कल में भिजवाया जा रहा है। मेयर ने बताया कि सितम्बर माह के अन्त तक लगभग 900 पत्रावलियां पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुये कहा कि वह किसी भी दलाल के बहकावे में आकर उनके चंगुल में न फंसे। उन्होंने कहा कि आम जनता निश्चित रहे,एक-एक कर सभी क्षेत्रों में कैम्प लगाये जायेंगे। समय अवधि तक यह प्रक्रिया अनवरत जारी रहेगी। जनता को सिर्फ एक काम यह करना है कि वह अपने क्षेत्र में लगने वाले कैम्प में पहुंचकर अपनी नि:शुल्क पत्रावलियां तैयार करवा ले। उसके बाद सारे काम नगर निगम अपने आप निपटा लेगा। इस पूरे काम में पात्र व्यक्ति को कोई रूपया खर्च नही करना सिर्फ उसे अपने मात्र हस्ताक्षर करने है। मेयर रामपाल ने कहा कि बरसों से नजूल भूमि पर बसे गरीब लोगों को मालिकाना हक दिलाया जाना उनका मुख्य ध्येय था जो आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री धामी की दूरदर्शिता से पूर्ण हो रहा है, इसके लिये वह मुख्यमंत्री श्री धामी के जीवनभर आभारी रहेंगे। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुये कहा कि यदि किसी को भी फ्री होल्ड कराये जाने में कोई अड़चन आ रही है तो वह उनके कार्यालय में आकर उनसे सम्पर्क कर सकता है। उसे किसी भी प्रकार से निराश होने की जरूरत नही है क्योंकि फ्री होल्ड प्रक्रिया पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ बिना किसी भेदभाव के साथ चल रही है।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000